# कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

## विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचनार्थ एतत्द्वारा प्रसारित किया जाता है, कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रांकः DST/INSPIRE Scholarship/Board/ 2025-2026 एवं DST/ INSPIRE /INTERNSHIP/ 2025-2026 दिनांक 6 मई 2025 के अनुक्रम में इंस्पायर योजना के अन्तर्गत बेसिक एवं नेचुरल साइंस कोर्स (उदाहरणार्थ– गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान अथवा लाईफ साइंस–वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान आदि) में स्नातक अथवा इंटीग्रेटेड स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले वर्ष 2025 की इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग की परीक्षा में न्यूनतम 409/500 अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए तथा उच्च शिक्षा में नियमित रूप से अध्ययनरत ऐसे छात्र/छात्रा मंत्रालय की वेबसाइट www.online.inspire.gov.in कियाशील होने पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले **ELIGIBILITY NOTE/ADVISORY NOTE** माध्यमिक शिक्षा परिषद् की वेबसाइट upmsp.edu.in से अपना अनुक्रमांक डालकर डाउनलोड कर सकते है।

**नोटः– इंस्पायर योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी संस्था की उपर्युक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।**

(भगवती सिंह)
सचिव।

पृष्ठांक संख्याः मा0शि0प0/सिरटम सेल/390-(1-5) /दिनांक

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रधान सम्पादक/प्रकाशक दैनिक समाचार पत्र को इस आशय के साथ प्रेषित है कि कृपया जनहित/छात्रहित में इस विज्ञप्ति को निःशुल्क अपने दैनिक समाचार पत्र के प्रत्येक संस्करण में प्रमुखता से प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश प्रयागराज को इस आशय के साथ प्रेषित है कि वह अपने स्तर से अपने जनपद के स्थानीय समाचार पत्रों में भी विज्ञप्ति निःशुल्क प्रकाशित कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
3. अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि वह स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति निःशुल्क प्रकाशित कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें साथ ही साथ उक्त विज्ञप्ति का अपने अधीनस्थ जनपदों को अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने हेतु निर्देशित करें।
4. वैयक्तिक सहायक शिक्षा निदेशक(मा0) एवं सभापति महोदय, 18 पार्क रोड, शिविर कार्यालय, लखनऊ।
5. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार टेक्नालॉजी भवन, नई दिल्ली–110066

(भगवती सिंह)
सचिव।

Scanned with CamScanner